श. बे. चौ. राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल
S.B.C. Government Degree College, Pokhri (Quili) Tehri Garhwal, Uttarakhand-249146
Website: www.gdcpokharitehri.in Email:- gdcpokhritehri@yahoo.com

दिनांक–23.07.2021

स्वच्छता व वृक्षारोपण कार्यक्रम

दिनांक 23.07.2021 को महाविद्यालय में एन0 एस0 एस0 स्वयंसेवियों व समस्त प्राध्यापकों व कर्मचारियों के सहयोग से स्वच्छता व वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। छात्र–छात्राओं व कर्मचारियों ने महाविद्यालय परिसर में बढ़े हुए घास व झाड़ियों की वृहद सफाई की। तत्पश्चात, सभी के सहयोग से विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधों को महाविद्यालय परिसर में रोपित किया गया। रोपित किये गये पौधों में औषधि, फूल, फल के पौधे भी शामिल रहे।

श. बे. चौ. राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल
S.B.C. Government Degree College, Pokhri (Quili) Tehri Garhwal, Uttarakhand-249146
Website: www.gdcpokharitehri.in Email:- gdcpokhritehri@yahoo.com

पोखरी महाविद्यालय परिसर में रोपे 145 औषधीय और फलदार पौधे

नरेंद्रनगर के पोखरी महाविद्यालय में पौधरोपण करते एनएसएस के स्वयंसेवी।

नरेंद्रनगर, 23 जुलाई (स.ह.) : शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी के एनएसएस इकाई ने हरेला कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में अध्यापक, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने औषधीय और फलदार पौधों का रोपण कर संरक्षण की अपील की। शुक्रवार को आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का प्राचार्य प्रो. सुमिता श्रीवास्तव ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की उपयोगिता सबसे जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए तीनों बिंदुओं पर स्थानीय लोगों को अधिकार मिले। डा. एके सिंह ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण के लिए सघन पौधरोपण किया जाना चाहिए। संयोजक व कार्यक्रम अधिकारी डा. राम भरोसे ने कहा कि परिसर में 145 पौधे रोपे गए। पौधों की देखभाल करना सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी नरेंद्र बिजल्वाण, सुमन, प्रियंका, प्राची, मनीषा, आकाश, शिवानी, साक्षी, प्रेरणा, डा. सरिता, डा. वंदना सेमवाल, डा. मुकेश सेमवाल, रेखा नेगी, अंकित कुमार, नरेश रावत, सुनीता असवाल, मूर्ति लाल, दीवान सिंह, राजेंद्र मौजूद थे।

Sumita

प्रोफेसर (डॉ0) सुमिता श्रीवास्तव
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, पोखरी(क्वीली) टिहरी गढ़वाल